Regarding need to provide compensation to farmers who lost their crops due to thunderstorm and hailstorm in Uttar Pradesh-laid

श्री सनातन पांडेय (बलिया) **:** मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश में हाल ही में आए तूफान और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के मुद्दे की ओर दिलाना चाहता हूं । प्रदेश के कई जिलों में तूफान और ओलावृष्टि ने किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है । मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा प्रदान करे और उनकी फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए आवश्यक कदम उठाए । साथ ही, मैं सरकार से यह भी अनुरोध करता हूं कि वह किसानों को भविष्य में ऐसी आपदाओं से बचाने के लिए आवश्यक उपाय करे ।